## गुस्ताखी माफ



लुधियाना घाटी बने, आओ करें जुगाड़।
कचरे के कर दें खड़े, चारों ओर पहाड़।
चारों ओर पहाड़, चलाएं ऐसा चक्कर।
शिमला-नैनीताल, सभी को दें हम टक्कर।
कह साहिल कविराय, घूमने फिर सब आना।
वैली नंबर एक, बनें अपना लुधियाना।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 10 | ISSUE 348 | THURSDAY 25-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# DGP के सख्त निर्देशों के बावजूद सेक्टर-45 में खुलेआम जुआ-सट्टा

## वायरल वीडियो ने उठाए पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 24 दिसंबर। बीते रविवार को चंडीगढ़ पुलिस के डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हुड्डा ने पुलिस मुख्यालय में एक अहम क्राइम रिव्यू बैठक बुलाई थी। इस बैठक में एसएसपी कंवरदीप कौर, ट्रैफिक एसएसपी सुमेर प्रताप सिंह, एसपी सिटी प्रियंका, क्राइम एसपी जसबीर सिंह सहित सभी डीएसपी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।बैठक के दौरान डीजीपी ने साफ शब्दों में कहा था कि चंडीगढ़ में नशा, जुआ और सट्टे का कारोबार खुलेआम चल रहा है, जिसे तुरंत और पूरी सख्ती से बंद किया जाए। डीजीपी ने कई थाना प्रभारियों की जमकर क्लास लगाई और उनकी कार्यपनाली पर सवाल भी उठाये।



### सेक्टर-45 से सामने आया चौंकाने वाला वीडियो

डीजीपी के सख्त निर्देशों के बावजूद अब सेक्टर-34 थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-45 से एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में 20 से 25 लोग मार्केट के बीचों-बीच खुलेआम जुआ और सट्टा खेलते नजर आ रहे हैं।



हैरानी की बात यह है कि जिस जगह यह गतिविधि चल रही है, वहां से सेक्टर-45 बड़ैल पुलिस चौकी महज कुछ मिनटों की दूरी पर है। ऐसे में सवाल उठता है कि यह पुलिस की अनदेखी है या फिर सेटिंग का खेल?

### किंग छींदी और पुलिस से सांठगांठ के आरोप

सूत्रों का दावा है कि सट्टा चलाने वाला व्यक्ति ह्यकिंग छींदीह्न बताया जा रहा है, जो कथित तौर पर सेक्टर-45 बड़ैल चौकी और सेक्टर-34 थाना पुलिस को भारी-भरकम रकम देता है। यह रकम किन अधिकारियों तक पहुंचती है, इस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### अब कार्रवाई होगी या चलता रहेगा खेल?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि डीजीपी के सख्त निर्देशों और वायरल वीडियो के बाद क्या चंडीगढ़ पुलिस इस सट्टा नेटवर्क पर कार्रवाई करेगी?

या फिर पहले की तरह सेटिंग के साथ यह अवैध कारोबार दोबारा चलता रहेगा?अब निगाहें चंडीगढ़ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों पर टिकी हैं कि वे इस मामले में तत्काल और ठोस कार्रवाई करते हैं या नहीं।

# जनरल हाउस से पहले ही घिरा निगम, मॉडल टाउन कमर्शियलाइजेशन पर कानूनी अड़चन

## जनता की सुनवाई से पहले जनरल हाउस में एजेंडा, क्या निगम कानून से ऊपर ?




लुधियाना, यूटर्न, 24 दिसंबर। मॉडल टाउन, लुधियाना के निवासियों ने नगर निगम की 26 दिसंबर को होने वाली जनरल हाउस बैठक में पोस्ट ऑफिस से दुगरी रोड तक की रिहायशी सड़क के कमर्शियलाइजेशन से संबंधित एजेंडा को तत्काल वापस लेने या स्थगित करने की मांग की है। इस संबंध में नगर निगम को एक आपातकालीन लिखित विरोध पत्र सौंपा गया है।

निवासियों ने बताया कि प्रस्तावित कमर्शियलाइजेशन के खिलाफ क्षेत्रवासियों द्वारा 24 दिसंबर 2025 को आपत्तियां दर्ज करवाई गई थीं, जो अभी तक लंबित हैं। इन आपत्तियों पर न तो कोई निर्णय लिया गया है और न ही कोई स्पीकिंग ऑर्डर पारित किया गया है। ऐसे में बिना आपत्तियों का निपटारा किए एजेंडा को जनरल हाउस में रखना कानून और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। विरोध पत्र में कहा गया है कि संबंधित क्षेत्र पहले से ही भारी ट्रैफिक जाम, अतिक्रमण, प्रदूषण, अवैध व्यावसायिक गतिविधियों और पार्किंग समस्याओं से जूझ रहा है। व्यवसायीकरण से हालात और गंभीर हो सकते हैं, जिससे रिहायशी माहौल प्रभावित होगा। निवासियों ने मांग की है कि पंजाब नगर निगम अधिनियम, 1976 और मास्टर प्लान के प्रावधानों के तहत पहले सभी आपत्तियों पर विधिसम्मत निर्णय लिया जाए। उन्होंने नगर निगम से निष्पक्ष, पारदर्शी और कानूनसम्मत प्रक्रिया अपनाने की अपील की है, ताकि अनावश्यक कानूनी विवाद से बचा जा सके।

# अवैध शेडों को लेकर दुकानदारों का फूटा गुस्सा, इंफोर्समेंट विंग पर मिलीभगत एवं पक्षपात पूर्ण कार्रवाई के गंभीर आरोप

जीरकपुर, यूटर्न, 24 दिसंबर। नाभा-पभात रोड पर जोशी फार्म के नजदीक स्थित एक मार्केट की पार्किंग एरिया में लगाए गए तीन अवैध शेड को लेकर दुकानदारों ने कड़ा विरोध जताया है। दुकानदारों का कहना है कि जब प्रशासन द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू की गई थी, तब उन्होंने स्वयं नगर परिषद और इंफोर्समेंट विंग की सराहना की थी और इस अभियान का स्वागत किया था। दुकानदारों के अनुसार, नाभा पभात रोड पर कुछ ही दूरी पर रिवरडेल मार्केट से आगे तक सड़क पर मौजूद लगभग सभी अतिक्रमण हटा दिए गए, लेकिन उनकी मार्केट के पास खुलेआम सड़क पर किए गए अतिक्रमण पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। दुकानदारों ने बताया कि उन्होंने कई बार इंफोर्समेंट विंग को इसकी सूचना दी, इसके बाद कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद जीरकपुर को लिखित शिकायत भी दी गई, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। दुकानदारों का आरोप है कि पिछले दो वर्षों से वे यहां वैध रूप से दुकानदार हैं और किराया भी देते हैं, लेकिन अवैध शेड की वजह से उनकी दुकानें दिखाई तक नहीं









देतीं, जिससे उनका कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा, साथ वाली मार्केट की गाड़ियां उनकी पार्किंग में खड़ी कर दी जाती हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। दुकानदारों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस जगह अतिक्रमण किया गया है, वहां इंफोर्समेंट विंग की कथित लेनझ्रदेन की सेटिंग है, इसी वजह से खुलेआम अवैध शेड लगे होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि अवैध शेड में एक बीड़ी सिगरेट और पान का खोखा भी बना हुआ है उसे पर इंफोर्समेंट विंग की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जाती । उन्होंने कहा कि जब आसपास के सभी इलाकों से अतिक्रमण हटाया जा सकता है, तो फिर यहां पर नियमों का पालन क्यों नहीं करवाया जा रहा। दुकानदारों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित मार्केट के एक शोरूम का मालिक सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण के बदले कथित तौर पर किराया वसूल रहा है। दुकानदारों ने सवाल उठाया कि क्या नगर परिषद के अधिकारी इस पूरे मामले में आंखें मूंदे बैठे हैं। दुकानदारों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन की यही दोहरी नीति रही, तो जिन जगहों से अतिक्रमण हटाया गया है, वहां लोग दोबारा शेड लगाने का साहस करेंगे। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से अब उन्हें प्रशासन से कोई उम्मीद नहीं बची है। इस मौके पर स्थानीय दुकानदार सुनील दत्त, कुलबीर, महावीर सिंह, जगजीत सिंह, लखविंदर लक्की व अन्य मौजूद रहे।

> ‘हमारे पास शिकायत आई थी। शिकायत के आधार पर हमने संबंधित पक्ष को पत्र भेज दिया है। यदि एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।’
>
> — इंस्पेक्टर अशोक, इंफोर्समेंट विंग

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

# केंद्र का फोकस मान के धुरी विधानसभा क्षेत्र पर, क्या पंजाब में बीजेपी के विकास के प्रयासों से राजनीतिक फायदा मिलेगा

चंडीगढ़/यूटर्न/24 दिसंबर। केंद्र सरकार के पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के विधानसभा क्षेत्र धुरी को एस्पिरेशनल ब्लॉक्स प्रोग्राम के तहत अपनाने के फैसले ने पंजाब में पहले से ही तनावपूर्ण केंद्र-राज्य संबंधों में एक नई राजनीतिक परत जोड़ दी है। यह कदम मान द्वारा बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण), या जी राम जी अधिनियम से बदलने के लिए की गई कड़ी आलोचना के ठीक बाद आया है, जिसे मुख्यमंत्री ने गरीब विरोधी बताया है।

आधिकारिक तौर पर, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) का कहना है कि धूरी को अपनाना पूरी तरह से प्रशासनिक और विकासात्मक है। DPIIT के निदेशक सुमीत जरंगल ने संगरूर में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए इस बात पर जोर दिया कि एस्पिरेशनल ब्लॉक्स प्रोग्राम का लक्ष्य लोगों पर केंद्रित सार्वजनिक सेवाओं की डिलीवरी में सुधार करके पिछड़े क्षेत्रों को राष्ट्रीय मुख्यधारा में एकीकृत करना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, रोजगार, कृषि, पीने का पानी, स्वच्छता और डिजिटल सेवाओं को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के रूप में उजागर किया गया, जिसमें मापने योग्य परिणामों और कड़ी निगरानी के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए।



## धूरी सीट आप के उदय का पर्याय

भगवंत मान धूरी का प्रतिनिधित्व करते हैं, यह सीट पंजाब में आम आदमी पार्टी के उदय का पर्याय बन गई है। इस ब्लॉक पर प्रशासनिक ध्यान केंद्रित करके, बीजेपी एक संदेश देना चाहती है कि विकास, संसाधन और शासन केंद्र से आते हैं, भले ही राजनीतिक मतभेद हों। एक ऐसी पार्टी के लिए जो पंजाब की चुनावी राजनीति के हाशिये पर रही है, इस तरह के लक्षित हस्तक्षेप विचारधारा के बजाय शासन पर विश्वसनीयता बनाने का एक प्रयास हो सकता है।

## बीजेपी कर रहा स्वतंत्र राजनीतिक जगह बनाने का प्रयास

बीजेपी लंबे समय से पंजाब में एक स्वतंत्र राजनीतिक जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही है, एक ऐसा राज्य जहां क्षेत्रीय पार्टियों और कांग्रेस का दबदबा रहा है। किसानों के आंदोलन और शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन टूटने के बाद से पार्टी का प्रभाव और भी कम हो गया है। इस संदर्भ में, विकास-संचालित आउटरीच विशेष रूप से धूरी जैसे हाई-प्रोफाइल निर्वाचन क्षेत्रों में धीरे-धीरे अपनी प्रासंगिकता को फिर से बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा सकता है। हालांकि, यह तरीका राजनीतिक फायदे में बदलेगा या नहीं, यह अभी तय नहीं है।

## मान केंद्र की स्कीनों को गरीब विरोधी बता रहे

एक तो, भगवंत मान ने पहले ही केंद्र के बड़े ग्रामीण रोजगार सुधारों को गरीब-विरोधी बताया है, जो बात खेती-किसानी वाले पंजाब में लोगों को पसंद आ सकती है। धूरी में केंद्र की किसी भी पहल की राज्य सरकार और अअढ के कार्यकर्ता बारीकी से जांच करेंगे, जो इसे कल्याणकारी के बजाय राजनीतिक मकसद वाला बता सकते हैं। मान का पंजाब की आजादी पर जोर और केंद्र के साथ उनकी लगातार टकराव ने उनके सपोर्ट बेस को मजबूत किया है, खासकर उन वोटरों के बीच जो केंद्र की दखलअंदाजी से सावधान रहते हैं।

## वोटरों ने विकास और चुनावी वफादारी के बीच फर्क किया

इसके अलावा, पंजाब में वोटरों ने हमेशा विकास और चुनावी वफादारी के बीच फर्क किया है। पिछली सरकारों के तहत लागू की गई केंद्रीय योजनाओं से जरूरी नहीं कि बीजेपी को वोटिंग में लगातार सपोर्ट मिला हो। ग्रामीण पंजाब में पार्टी का जमीनी संगठन भी सीमित है, जिससे वह प्रशासनिक मौजूदगी को राजनीतिक लामबंदी में बदलने में कामयाब नहीं हो पाती।

# चंडीगढ़ का जनवरी मेयर चुनावः एक ऐतिहासिक चुनाव और नागरिक शासन के लिए एक परीक्षा

चंडीगढ़/यूटर्न/24 दिसंबर। चंडीगढ़ में मेयर चुनाव हमेशा से ही विवादों से भरे, हंगामेदार और इसलिए प्रतिष्ठित रहे हैं। बात इतनी बढ़ गई थी कि दो साल पहले देश की सबसे बड़ी अदालत को दखल देना पड़ा था। जैसे ही चुनाव की तैयारी हो रही है, मनीष तिवारी का संसद में आखिरी प्रयास मेयर के लिए पांच साल का कार्यकाल ताकि शहर को एक अधिक लोकतांत्रिक राजनीतिक ढांचा मिल सके एक गर्म मुद्दा बना हुआ है। लेकिन केंद्र सरकार टस से मस नहीं होगी। उसका कहना है कि वह अभी यथास्थिति बनाए रखना चाहती है। इसी बीच शहर जनवरी 2026 में अपने मेयर चुनाव की तैयारी कर रहा है, एक ऐसा मुकाबला जो सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के पदों को भी तय करेगा। यह चुनाव न केवल अपने समय के लिए बल्कि अपने महत्व के लिए भी उल्लेखनीय है, यह मौजूदा नगर निगम का पांचवां और अंतिम मेयर कार्यकाल होगा, जिसका कार्यकाल 2022 से 2026 तक है। जनवरी में कार्यकाल समाप्त होने के साथ, ये चुनाव मौजूदा सदन के लिए प्रशासनिक दक्षता, राजनीतिक तालमेल और नागरिक शासन के प्रति प्रतिबद्धता दिखाने का आखिरी मौका है।




## हर उम्मीदवार फॉर्म करवाएगा जमा

नामांकन प्रक्रिया विशिष्ट प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं द्वारा शासित होती है। हर उम्मीदवार को तय फॉर्मेट में एक नॉमिनेशन फॉर्म जमा करना होगा, जिस पर खुद उम्मीदवार और दो अन्य मौजूदा पार्षदों के साइन होने चाहिए, जो प्रस्तावक और समर्थक के तौर पर काम करेंगे। फॉर्म सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे के बीच, चुनाव मीटिंग से कम से कम तीन दिन पहले जमा करने होंगे, ताकि जांच और अगर कोई आपत्ति हो तो उसके लिए पर्याप्त समय मिल सके। ये नियम पारदर्शिता सुनिश्चित करने, आखिरी समय में होने वाली हेराफेरी को रोकने और चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी बनाए रखने के लिए बनाए गए हैं।

## चुनावों में किया बड़ा बदलाव

इस साल के चुनाव में सबसे बड़े बदलावों में से एक है गुप्त मतदान से हाथ उठाकर खुले मतदान की ओर जाना। यह चंडीगढ़ नगर निगम के इतिहास में पहली बार हो रहा है और यह वोटिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता – या कम से कम दृश्यता – बढ़ाने का एक जानबूझकर उठाया गया कदम है। हालांकि खुले मतदान के तरीके से कुछ प्रशासनिक दिक्कतें कम हो सकती हैं, लेकिन यह चुनाव की गतिशीलता को भी बदलता है, जिससे पार्षदों के राजनीतिक रूप से जुड़ने और पार्टियों की रणनीति बनाने के तरीके पर असर पड़ सकता है।

## चुनाव प्रक्रिया हुई शुरू

चुनाव प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है, नगर निगम सचिव ने चुनाव बैठक के लिए तारीख तय करने के लिए यूटी डिप्टी कमिश्नर से अनुरोध करके तैयारी शुरू कर दी है। डिप्टी कमिश्नर को एक ऐसे पार्षद को भी नामित करने का काम सौंपा गया है, जो उम्मीदवार नहीं है, ताकि वह चुनाव के पीठासीन अधिकारी के रूप में काम कर सके, जो नगर निगम चुनावों को नियंत्रित करने वाले कानूनी ढांचे के अनुसार है। ये कदम यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रक्रिया वैधानिक मानदंडों का पालन करे, जिससे आगामी चुनावों को संरचना और वैधता दोनों मिलें।

इस साल, मुकाबले को आकार देने वाला एक प्रमुख कारक आरक्षण नियम हैं। मेयर का पद रोटेशनल आरक्षण प्रथाओं के अनुरूप, सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार के लिए आरक्षित किया गया है। यह पदनाम तय करता है कि कौन इस पद के लिए चुनाव लड़ सकता है, जबकि सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के पद पात्रता नियमों के अनुसार उम्मीदवारों के लिए खुले हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि पूरी चुनाव प्रक्रिया मौजूदा मेयर का कार्यकाल 29 जनवरी, 2026 को समाप्त होने से पहले पूरी होनी चाहिए, जिससे नामांकन, जांच और वास्तविक मतदान के लिए एक सीमित समय सीमा बचती है।

## शहरवासियों को बड़ी उम्मीदें

चुनाव का चंडीगढ़ के शासन के लिए महत्वपूर्ण महत्व है। यह मौजूदा निगम का आखिरी कार्यकाल है, इसलिए दांव सामान्य से कहीं ज्यादा ऊंचे हैं। निवासी ठोस कचरा प्रबंधन, ट्रैफिक जाम, पार्किंग की कमी, सड़कों के रखरखाव और समग्र शहरी बुनियादी ढांचे सहित लंबे समय से चली आ रही नागरिक चुनौतियों पर ठोस परिणाम की उम्मीद करते हैं। जनवरी में चुने गए मेयर और पार्षदों को राजनीतिक बयानबाजी में शामिल होने के बजाय, लंबित परियोजनाओं को पूरा करने, विभागों के बीच समन्वय में सुधार करने और पहलों की निरंतरता सुनिश्चित करने पर ध्यान देना चाहिए।

# आज पैरागॉन वाटरफ्रंट में बच्चों के लिए क्रिसमस कार्निवल का आयोजन

लुधियाना/यूटर्न/24 दिसंबर। साउथ सिटी रोड पर स्थित पैरागॉन वाटरफ्रंट में 25 दिसंबर को क्रिसमस कार्निवल का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्निवल बच्चों के लिए आयोजित किया जा रहा है। जिसमें क्रिसमस परेड और सांता क्लॉज के उपहार, लाइव कैरल गायन, कहानी सुनाने के सत्र, खजाना ढूंढने का खेल, लकी ड्रॉ और उपहार, डीजे सांता, तारों के नीचे मूवी नाइट, बच्चों का खेल क्षेत्र, टॉय रोल्स द्वारा सांता को पत्र, क्रिसमस ट्री सजावट, मोजे से गुड़िया बनाना, DIY शिल्प कार्यशालाएँ, स्ट्रिंग आर्ट कार्यशाला, ओह माय गेम (OMG) द्वारा ट्रेन की सवारी, गीतांजलि सैलून द्वारा नेल आर्ट, माता-पिता और बच्चों के लिए जुम्बा कार्यशाला, स्टेज परफॉर्मेंस, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, प्लम केक स्टॉल, मिठाई काउंटर, नमकीन, लकी ड्रॉ की एक्टिविटी शामिल होगी।




# दिन-ब-दिन बढ़ते कोहरे के कारण एसीपी ट्रैफिक ने लोगों से धीरे गाड़ी चलाने की अपील की

सुनील पांडेय

लुधियाना/यूटर्न/24 दिसंबर। सर्दियों के मौसम में बढ़ते कोहरे को देखते हुए, प्रशासन ने अधिकारियों के जरिए व्यापक इंतजाम किए हैं, जिसमें प्रशासन ने अलग-अलग इलाकों में रिफ्लेक्टर लगाए हैं जो कोहरे वाले दिनों में कीमती जान बचाने में बहुत फायदेमंद हैं। दिन-ब-दिन बढ़ते कोहरे के बारे में एसीपी ट्रैफिक गुरदेव सिंह से बात करने पर उन्होंने कहा कि प्रशासन दिन-ब-दिन बढ़ते कोहरे को देखते हुए रिफ्लेक्टर लगा रहा है और लोगों को गाड़ियों में सीट बेल्ट लगाने, धीरे गाड़ी चलाने और डिपर लाइट इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। गुरदेव सिंह ने कहा कि लोगों को कोहरे वाले दिनों में धीरे गाड़ी चलानी चाहिए ताकि सड़कों पर होने वाले भयानक हादसों को रोका जा सके। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से कहा कि उन्हें सड़कों पर हेलमेट पहनना चाहिए ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। कोहरे को देखते हुए उन्होंने कहा कि सड़कों पर हजारों जानें बेवजह जा रही हैं, जो लोगों की लापरवाही के कारण है। लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करके अपनी और अपने परिवार की जान बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि गाड़ी चलाते समय शराब पीकर गाड़ी न चलाएं, घर पर कोई आपका इंतजार कर रहा है।



# मनी ट्रांसफर की दुकान पर लूट करने आए बदमाश से भिड़ी लड़की, हुआ बचाव



लुधियाना/यूटर्न/24 दिसंबर। हंबड़ा के मेन बाजार में मनी ट्रांसफर की शॉप पर बैठी युवती से लुटेरे ने चाकू दिखाकर लुटने की कोशिश की। इस दौरान लड़की ने बहादुरी दिखाते हुए कैश नहीं दिया और बदमाश का कड़ा विरोध किया। उसने बदमाश के सिर पर थप्पड़ मारकर उसे पकड़ने की कोशिश की। लेकिन बदमाश वहां से भाग निकला। हालांकि लड़की ने शोर मचाया, लेकिन बदमाश वहां से भाग निकला। लड़की की बहादुरी के चलते उसका बचाव हो गया। उसने इसकी जानकारी पुलिस को दी। चौकी हंबड़ा की पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार फुटेज के मुताबिक मनी ट्रांसफर की दुकान में लुटेरा जाता है। लुटेरे ने अंदर आते ही चाकू तान दिया और एक काला लिफाफा लहराते हुए धमकी दी कि सारा कैश इसमें डाल दो। तभी दुकान पर मौजूद सोनी वर्मा नाम की लड़की उससे भिड़ जाती है। जैसे ही लुटेरे ने गल्ले में हाथ डालने की कोशिश की सोनी वर्मा ने जरा भी देरी नहीं की। उसने फुर्ती दिखाते हुए लुटेरे को सिर से दबोच लिया। करीब 5-7 सेकेंड तक दोनों के बीच हाथापाई हुई। लड़की की बहादुरी और अचानक हुए हमले से लुटेरा घबरा गया। सोनी उसका नकाब और टोपी हटाने की कोशिश करती है। लुटेरे इससे डर जाता है और चाकू छोड़कर भाग निकलता है।

# क्या इस बार भी फिरोजगांधी मार्केट पार्किंग टेंडर में रहेगा बाहुबलियों का बोलबाला, लोगों का होगा शोषण या मिलेगी राहत!

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/24 दिसंबर। लुधियाना की फिरोजगांधी मार्केट समेत कई पार्किंग साइटों का जल्द टेंडर होने जा रहा है। जिसके चलते अब सभी शहरवासियों की नजरें इन टेंडरों पर है। लेकिन देखना होगा कि क्या इस बार भी टेंडरों में हमेशा की तरह बाहुबलियों ठेकेदारों का बोलबाला रहेगा या नगर निगम अफसर अपनी समझारी दिखाएंगे। चर्चा है कि हर बार निगम के कुछ अफसरों द्वारा ठेकेदारों के साथ मिलकर पहले तो टेंडर चहेतों को दिलवा दिया जाता है। जिसके बाद शर्तों के समय मनमानी शर्तें लिखवा दी जाती है। जिस कारण बाद में न तो ईमानदार अफसर उसमें कुछ कर पाते है और न ही सरकार कोई हल कर पाती है। फिर भ्रष्ट अफसर टेंडर लेने वाले ठेकेदार के साथ मिलकर जमकर मलाई खाते हैं। जिसके चलते देखना होगा कि क्या इस बार लोगों का शोषण होगा या उन्हें राहत मिल सकेगी। हालांकि इस बार मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर द्वारा खुद कहा गया है कि वह पैदल चलने वालों को उनका हक दिलाएंगे, अब देखना होगा कि मेयर व निगम कमिश्नर द्वारा इन टेंडरों के खेल में नुकेल डाली जाती है या नहीं।





निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल

## ओवर चार्जिंग भी कम करने की मांग

वहीं फिरोजगांधी मार्केट के दुकानदारों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा लगातार ओवर चार्जिंग की जा रही है। जिसके चलते उनकी मांग है कि इसे कम किया जाए। अब देखना होगा कि क्या ओवर चार्जिंग कम हो सकेगी या नहीं। क्योंकि पिछली बार भी टेंडर में चार्ज बढ़ाकर लिखने के चलते यह मामला काफी विवादों में रहा था। लेकिन इस बार चार्ज कम होंगे या नहीं यह देखना होगा।

## लोगों ने कहा चार्ज बढ़े तो होगा संघर्ष

वहीं लोगों का कहना है कि फिरोजगांधी मार्केट शहर की सबसे व्यस्त और बिजनेस मार्केट है। ऐसे में यहां रोजाना हजारों लोग आते जाते हैं। शहर वासियों का कहना है कि पार्किंग के चार्ज पहले ही पुराने ठेकेदारों द्वारा लगातार बहाने बनाकर बढ़ाए गए हैं। तब आम आदमी पार्टी के लीडरों ने कहा था कि दोबारा टेंडर लगने पर इन्हें कम किया जाएगा। वहीं मार्केट वालों का कहना है कि अगर इस बार रेट कम न हुए तो संघर्ष किया जाएगा।



## मनमानी नहीं करने दी जाएगी - मेयर

मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर ने कहा कि फिरोजगांधी मार्केट समेत सभी पार्किंग साइट्स के टेंडर जल्द लगाए जा रहे हैं। टेंडर लेने वाले किसी भी ठेकेदार को मनमानी नहीं करने दी जाएगी। टेंडर की हर शर्त को पूरी जांच के बाद लिखित में लिया जाएगा। पुराने रेटों पर ही टेंडर लगाया जाएगा।

## क्या इस बार शर्तों में बचाए जा सकेगें फुटपाथ ?

वहीं लोगों में चर्चा है कि पिछली बार जब फिरोजगांधी मार्केट का टेंडर हुआ था तो यह बात सामने आई थी कि निगम अफसरों ने शर्तों में हेरफेर करके फुटपाथ भी टेंडर में लिखवा दिए गए थे। चर्चा है कि शर्तों में लिखा था कि सड़क की दोनों तरफ टेंडर में है। जिसके चलते ठेकेदार द्वारा फुटपाथ भी टेंडर के बीच में ही समझकर वहां पार्किंग लगवानी शुरू कर दी गई थी। लेकिन अब देखना होगा कि मेयर व निगम कमिश्नर द्वारा फुटपाथ बचाए जा सकेगें या फिर से अफसरों द्वारा उन्हें हेरफेर करके टेंडरों में लिखवा दिया जाएगा।

## फुटपाथ पर लगी अवैध दुकानों का क्या होगा हल

वहीं फिरोजगांधी मार्केट में एक तरफ जहां ठेकेदार द्वारा फुटपाथ पर वाहन पार्क करके पैदल चलने वालों का हक छीना जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ रेहड़ी वालों द्वारा भी फुटपाथ पर रेहड़ियां व दुकानें लगाकर अवैध कब्जे किए हुए हैं। वहीं चर्चा है कि कुछ लोगों द्वारा इन दुकानों से अवैध वसूली भी की जाती है। मगर इस बार टेंडर में क्या इनका कोई हल होगा या नहीं यह चर्चा में छिड़ा हुआ है।

## अगर नहीं होता फायदा, तो ठेकेदार न लें ठेका

***वहीं इस टेंडर की बात सामने आने के बाद लोगों का कहना है कि फिरोजगांधी मार्केट हो या शहर की अन्य कोई भी पार्किंग हो, लेकिन ठेकेदारों द्वारा हर बार कहा जाता है कि अगर वे पार्किंग चार्ज न बढ़ाए, रेहड़ियां न लगवाए या फुटपाथ पर पार्किंग न करें, तो उनके ठेकेदारी की निगम को दी जाती फीस भी पूरी नहीं हो पाती। जबकि अपनी तरफ से पैसे देने पड़ते हैं। वहीं लोगों का कहना है कि अगर ठेकेदार को इतना ही नुकसान होता है तो वह टेंडर में बीड ही न करें। उसकी जगह कोई दूसरा ठेकेदार ठेका ले लेगा। अगर बीड कर रहे हैं तो इसका मतलब है कि फायदा हो रहा है। फिर चाहें वह लाख बहाने बना लें, मगर यहीं सच है।***

# ठाकरे चचेरे भाई फिर से मिले, मुंबई की सिविक राजनीति में एक नया अध्याय

चंडीगढ़/यूटर्न/24 दिसंबर। एक नाटकीय राजनीतिक घटनाक्रम में, अलग हो चुके ठाकरे चचेरे भाइयों उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने अपने फिर से मिलने की घोषणा की है और 15 जनवरी, 2026 को होने वाले बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों में एक संयुक्त मोर्चा बनाने का ऐलान किया है। यह गठबंधन शहर के राजनीतिक परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव का संकेत देता है, जो मराठी पहचान की राजनीति पर जोर देता है और शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की विरासत को फिर से स्थापित करता है। एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (टठर) के प्रमुख राज ठाकरे ने पुष्टि की कि शिवसेना (वइळ) और टठर सहयोगी के रूप में चुनाव लड़ेंगे, और आत्मविश्वास से कहा कि मुंबई में एक मराठी मेयर होगा जो उनके संयुक्त मोर्चे का प्रतिनिधित्व करेगा। उनके साथ बैठे उद्धव ठाकरे ने भी इसी भावना को दोहराया, शहर को अपने नेतृत्व में रखने का वादा किया, और शहर के हितों की उपेक्षा करने के लिए दिल्ली में मौजूदा प्रशासन की आलोचना की।



## २० सालों तक, दोनों चचेरे भाई अलग-अलग काम करते रहे

उद्धव ने शिवसेना (बाद में शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे, या व BT) का नेतृत्व किया, पुराने कार्यकर्ताओं और बाल ठाकरे के पारंपरिक समर्थकों की वफादारी बनाए रखी, जबकि राज ने आक्रामक युवा-केंद्रित अभियानों और मराठी पहचान पर जोर देकर अपनी जगह बनाई, और कभी-कभी मुंबई में गैर-मराठी प्रवासियों को निशाना बनाया। इस विभाजन ने मराठी वोटों को बांट दिया और एक लंबी प्रतिद्वंद्विता पैदा की जिसने शहर की क्षेत्रीय राजनीति को खंडित कर दिया।

## 145-150 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

रिपोर्ट्स से पता चलता है कि सीटों के बंटवारे पर शुरूआती तौर पर सहमति बन गई है। उद्धव की शिवसेना 145-150 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है, राज ठाकरे की टठर 65-70 सीटों पर, जबकि शरद पवार के नेतृत्व वाला एनसीपी का एक गुट बाकी 10-12 सीटों पर चुनाव लड़ सकता है। यह रणनीतिक बंटवारा इटउ की 227 सीटों पर ज्यादा से ज्यादा प्रभाव डालने के साफ इरादे को दिखाता है।

## बीजेपी ने किया शक जाहिर

हालांकि, इस मिलन पर बीजेपी की तरफ से शक जाहिर किया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गठबंधन के असर को कम करके बताया, और आरोप लगाया कि इन दोनों चचेरे भाइयों ने इतिहास में मुंबई को धोखा दिया है। उन्होंने उन पर भ्रष्टाचार और भेदभाव वाली राजनीति का आरोप लगाया और दावा किया कि मराठी और गैर-मराठी दोनों तरह के निवासी उन्हें समर्थन नहीं देंगे।

# जॉइंट एक्शन कमेटी के आह्वान पर वेटरनरी डॉक्टरों ने दूसरे दिन भी वेटरनरी सर्विस बंद रखीं



सुनील पांडे

लुधियाना/यूटर्न/24 दिसंबर। पे पैरिटी के लिए वेट्स की जॉइंट एक्शन कमेटी के आह्वान पर, लुधियाना जिले के वेटरनरी डॉक्टरों ने 24 दिसंबर को एनिमल हस्बैंड्री डिपार्टमेंट की सभी वेटरनरी सर्विस बंद रखीं। जिले में ओपीडी जिसमें मेडिसिन, सर्जरी, गायनेकोलॉजी और ऑब्सटेट्रिक्स, लैबोरेटरी टेस्ट वगैरह शामिल हैं, सभी वेटरनरी सर्विस बंद रहीं। गौरतलब है कि वेटरनरी डॉक्टरों की मेडिकल डॉक्टरों के साथ पे पैरिटी 1977 से 42 साल तक चली, इसके साथ ही डीएसीपी (डायनामिक एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन) 4-9-14 स्कीम वेटरनरी डॉक्टरों को मेडिकल डॉक्टरों की तरह लगातार मिलती थी। लेकिन 2021 में सरकार ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के आदेशों का उल्लंघन करते हुए इसे खत्म कर दिया। सरकार ने वेटनरी डॉक्टरों, मेडिकल डॉक्टरों, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक डॉक्टरों को एनपीए देने के लिए एक जॉइंट नोटिफिकेशन जारी किया है, लेकिन वेटनरी डॉक्टरों को एनपीए पर एचआरए नहीं दिया जा रहा है, जो सरासर सौतेला व्यवहार है। क्योंकि वेटनरी सर्विस स्पेशल सर्विस हैं, इसलिए कोई दूसरा डॉक्टर वेटनरी सर्विस नहीं दे सकता। दो दिन के लिए सर्विस सस्पेंड करने के फैसले के दूसरे दिन, 24 दिसंबर 2025 को राज्य के वेटनरी डॉक्टर्स भी अपने-अपने जिलों के पॉलीक्लिनिक में पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वेटनरी ऑफिसर्स एसोसिएशन लुधियाना के डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट डॉ. संदीप पाल सिंह भुल्लर ने अपील की कि मुख्यमंत्री भगवंत मान उनकी मांगों पर पर्सनली दखल दें और पिछली सरकार द्वारा वेटनरी डॉक्टरों के साथ की गई ज्यादतियों को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत ठीक करें। वेटनरी डॉक्टरों की सभी मांगों को लागू करने के लिए तुरंत नोटिफिकेशन जारी करने का आदेश दें।




# पंजाब पुलिस ने 2025 में 10000 करोड़ रुपये की 2021 किलो हेरोइन जब्त की

चंडीगढ़ लुधियाना/यूटर्न/24 दिसंबर। युद्ध नशियां विरुद्ध 2025 के तहत, पुलिस ने 29,784 एफआईआर दर्ज कीं, 39,867 संदिग्धों को गिरफ्तार किया और रिकॉर्ड 2,021 किलो हेरोइन जब्त की, जो एक साल में अब तक की सबसे ज्यादा है। इसके अलावा 26 किलो आईस, 698 किलो अफीम, 35,000 किलो पोस्त के छिलके, 55.78 लाख नशीली गोलियां/कैप्सूल और 16.81 करोड़ रुपये ड्रग्स का पैसा भी जब्त किया गया। इस हेरोइन की कुल कीमत 10,000 करोड़ रुपये है। राज्य पुलिस ने 88% दोषसिद्धि दर हासिल की - जो देश में सबसे ज्यादा में से एक है - 6,728 मामलों में से 5,901 में सजा हुई। राज्य में भारत की लगभग दो-तिहाई हेरोइन जब्त हुई, राष्ट्रीय NDPS गिरफ्तारियों का 25% और NDPS मामलों का 20% हिस्सा रहा। रोकथाम के लिए, 23,940 लोगों को नशा मुक्ति केंद्रों में भर्ती कराया गया, और 59,840 को OOAT क्लीनिक में भेजा गया।



**कई हथियार भी बरामद...**सक्रिय उपायों से क्रक-प्रायोजित आतंकी खतरों को नाकाम किया गया। पुलिस ने 12 घटनाओं को सुलझाया, जिसमें हैंड ग्रेनेड हमले और एक पुलिस स्टेशन पर RPG हमला शामिल है, और 50 मॉड्यूल सदस्यों को गिरफ्तार किया। सात और मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया। 131 गिरफ्तारियों से, जब्त की गई चीजों में नौ राइफलें, 188 रिवॉल्वर/पिस्तौल, 12 IED, 11.62 किलो RDX, 54 हैंड ग्रेनेड, 32 डेटोनेटर, चार RPG, एक रॉकेट लॉन्चर स्लीव, दो टाइमर स्विच, तीन वॉकी-टॉकी और आठ रिमोट डिवाइस शामिल हैं।

**एंटी-गैंगस्टर अभियान...**एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (AGTF) और फील्ड यूनिट्स ने 416 गैंगस्टर/आपराधिक मॉड्यूल को खत्म किया, 992 अपराधियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने अपराधों में इस्तेमाल किए गए 620 हथियार और 252 वाहन जब्त किए। उइक के साथ तालमेल से विदेशी अपराधियों के लिए 11 रेड नोटिस और दो ब्लू नोटिस जारी किए गए। पंजाब पुलिस ने अनमोल बिश्नोई की जियो-लोकेशन का पता लगाया, जिससे उसे डिपोर्ट किया गया। परमिंदर सिंह, उर्फ पिंडी (आतंक से जुड़ा), सुखदेव कुमार, उर्फ मनीष बेदी, और साजन मसीह, उर्फ गोरू को भी डिपोर्ट या गिरफ्तार किया गया।

**साइबर ठगी मामलों में भी एक्शन...**साइबर धोखाधड़ी में, पंजाब ने 79.96 करोड़ रुपये (418.29 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का 19%) फ्रीज किए - राष्ट्रीय स्तर पर चौथे स्थान पर रहा। सड़क सुरक्षा बल ने मौतों को 4,829 (2023) से घटाकर 4,759 (2024) और दुर्घटनाओं को 6,269 से घटाकर 6,063 कर दिया, जिससे पंजाब उन नौ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में शामिल हो गया जहां दोनों में कमी आई है।

## पूर्व डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर की जमानत पर सुनवाई, CBI ने जवाब के लिए मांगा वक्त

चंडीगढ़, यूटर्न, 24 दिसंबर। आठ लाख रुपये की कथित रिश्वत के मामले में गिरफ्तार पंजाब के पूर्व डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर की जमानत याचिका पर बुधवार को सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान सीबीआई ने अदालत से याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।फिलहाल हरचरण सिंह भुल्लर चंडीगढ़ की बुडैल जेल में न्यायिक हिरासत में बंद हैं।



इससे पहले अदालत भुल्लर की ओर से दायर कई अहम अर्जियों को मंजूरी दे चुकी है। इनमें सीबीआई जांच अधिकारियों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और टावर लोकेशन डेटा को सुरक्षित रखने की मांग शामिल थी, जिसे अदालत ने सीमित दायरे में संरक्षित करने के निर्देश दिए थे।इसके अलावा भुल्लर के वकील द्वारा दायर एक अन्य अर्जी में डीसी कॉम्प्लेक्स, मोहाली से लेकर चंडीगढ़ स्थित सीबीआई कार्यालय तक के मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सुरक्षित रखने का अनुरोध किया गया था। अदालत ने इस आवेदन को भी स्वीकार कर लिया था।कानूनी जानकारों के अनुसार इन इलेक्ट्रॉनिक सबूतों के संरक्षण से मामले की निष्पक्ष जांच में मदद मिलेगी और यह भी स्पष्ट हो सकेगा कि घटनाक्रम के दौरान कौन-कौन से तथ्य सामने आते हैं।अब इस मामले में अगली सुनवाई पर सीबीआई अपना जवाब दाखिल करेगी, जिसके बाद अदालत जमानत याचिका पर आगे निर्णय लेगी।

## नोबल फाउंडेशन का निशुल्क विशाल नेत्र शिविर, 457 से अधिक लोगों की आंखों की जांच

लुधियाना, यूटर्न, 24 दिसंबर। एक स्वस्थ दृष्टि ही ज्ञान, अनुभव और भावनाओं से जोड़ती है—इसी सोच को साकार करते हुए नोबल फाउंडेशन प्रत्येक माह आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए मेडिकल कैंप आयोजित कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में मां शारदा विद्यापीठ के नाम से 30 स्कूल संचालित कर हजारों जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा प्रदान करने वाली यह संस्था समाज सेवा में निरंतर मिसाल कायम कर रही है। बुधवार को नोबल फाउंडेशन द्वारा दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सहयोग से ब्रांच न्यू सुभाष नगर में निशुल्क विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यू सुभाष नगर, टिब्बा रोड और महात्मा एन्क्लेव ब्रांच के विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों सहित स्थानीय लोगों की आंखों की जांच की गई। डॉक्टरों की टीम ने 457 से अधिक लोगों की जांच कर दवाइयां व चश्में प्रदान किए । दृष्टि दोष पाए जाने पर नोबल फाउंडेशन की ओर से दयानंद अस्पताल के सहयोग से मरीजों को फ्री ऑपरेशन करवाए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रिशिपाल (आईएएस) ने की। वक्ताओं ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए शिक्षा के साथ स्वास्थ्य सेवा को समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। संस्था अध्यक्ष श्री राजेंद्र शर्मा ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य—दोनों को प्राथमिकता देना ही नोबल फाउंडेशन का संकल्प है।




## सुखी बराड़ बनीं संगीत नाटक अकादमी, चंडीगढ़ की चेयरपर्सन

चंडीगढ़, यूटर्न, 24 दिसंबर। पंजाब की सुप्रसिद्ध लोक गायिका एवं सांस्कृतिक धरोहर की सशक्त पहचान सुखमिंदर कौर बराड़, जिन्हें सुखी बराड़ पंजाब कौर के नाम से जाना जाता है, को चंडीगढ़ प्रशासन के संस्कृति विभाग द्वारा संगीत नाटक अकादमी, चंडीगढ़ की चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। सुखी बराड़ ने संगीत नाटक अकादमी, चंडीगढ़ के कार्यालय में अपने पद का कार्यभार औपचारिक रूप से संभाल लिया। इस अवसर पर प्रख्यात गीतकार एवं प्रस्तुतकर्ता भट्टी भड़ीवाला ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मान उन्हें पंजाबी भाषा, साहित्य, संस्कृति, विरासत और लोक परंपराओं के संरक्षण एवं प्रचारङ्मप्रसार में दिए गए उनके अतुलनीय योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया है। पिछले चार दशकों से सुखी बराड़ निरंतर पंजाब, पंजाबी भाषा, पंजाबी पहचान और लोक संस्कृति की सेवा कर रही हैं।



# रायपुर खुर्द से लापता दो मासूम, 24 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं; सीसीटीवी में साथ जाते दिखे बच्चे

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 24 दिसंबर। रायपुर खुर्द इलाके में घर के बाहर खेल रहे दो मासूम बच्चों के रहस्यमय ढंग से लापता होने से एरिया में सनसनी फैल गई है। घटना को 24 घंटे से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक न तो बच्चों का कोई सुराग मिला है और न ही परिजनों को किसी तरह की फिरौती या संदिग्ध कॉल आई है। मौलिजागरां थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तलाश तेज कर दी है।पुलिस के अनुसार लापता बच्चों की पहचान 8 वर्षीय इशांत और 12 वर्षीय आयुष के रूप में हुई है। इशांत कक्षा तीसरी का छात्र है, जबकि आयुष स्कूल नहीं जाता। दोनों बच्चे रायपुर खुर्द में अपने परिवारों के साथ रहते हैं, जो मजदूरी कर गुजर-बसर करते हैं।

परिजनों ने बताया कि दोनों बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। काफी देर तक जब वे वापस नहीं लौटे तो आसपास खोजबीन की गई और बाद में मौली जागरा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। इस बीच एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दोनों बच्चे एक-दूसरे के कंधे पर हाथ रखे इलाके से बाहर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि बच्चों को आखिरी बार इसी स्थान के आसपास देखा गया था। मौलीजागरां थाना प्रभारी हरिओम शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलते ही तीन पुलिस टीमें गठित की गईं। पूरी रात सर्च ऑपरेशन चलाया गया, जिसमें बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, धार्मिक स्थल, खाली मकान और पुरानी इमारतों की तलाशी ली गई, लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। एक टीम लगातार तलाश में जुटी हुई है।पुलिस ने पंजाब सहित आसपास के जिलों की पुलिस को भी अलर्ट कर दिया है। साथ ही, नजदीकी गांवों में मुनादी करवाई जा रही है ताकि यदि किसी ने बच्चों को कहीं देखा हो तो सूचना मिल सके। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल किसी आपराधिक एंगल के संकेत नहीं मिले हैं।इशांत की मां ने बताया कि घटना के समय वह अस्पताल गई हुई थीं और शाम करीब 4:30 बजे लौटीं। उन्हें लगा कि बच्चा ट्यूशन गया होगा, लेकिन बाद में पता चला कि वह वहां पहुंचा ही नहीं। वहीं आयुष की मां ने बताया कि वे सुबह काम पर गई थीं और दोपहर में लौटने पर बच्चा घर पर नहीं मिला।परिवार करीब एक साल पहले ही चंडीगढ़ आया है और बच्चों को शहर की ज्यादा जानकारी नहीं है। पुलिस का कहना है कि तलाश अभियान जारी है और उम्मीद है कि दोनों बच्चे जल्द ही सुरक्षित मिल जाएंगे।





# गैंगस्टर कल्चर और टारगेट किलिंग पर हाईकोर्ट का सख्त रुख, पंजाब के डीजीपी को व्यक्तिगत रूप से तलब

अजीत झा

चंडीगढ़ : पंजाब में बढ़ते गैंगस्टर कल्चर, अपराध के महिमामंडन और खुलेआम हो रही टारगेट किलिंग को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि यदि ऐसे हालात में कोर्ट जवाब तलब नहीं करेगा, तो फिर कौन करेगा। इन्हीं गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई पर पंजाब के डीजीपी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है ।सुनवाई के दौरान कोर्ट ने टिप्पणी की गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई जैसे अपराधियों के इंटरव्यू से अपराध को ग्लोरिफाई किया गया है, जबकि पहले ही सरकार को इस पर रोक लगाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद 15 दिसंबर को सोहाना में कबड्डी खिलाड़ी और प्रमोटर राणा बलाचौरिया की सरेआम हत्या हो जाना राज्य की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।




अदालत को बताया गया कि कबड्डी मैच के दौरान करीब 900 से 1000 लोग मौजूद थे और शाम 5 बजकर 55 मिनट पर यह वारदात हुई। इस पर हाईकोर्ट ने पूछा कि कार्यक्रम स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगे थे या नहीं और सुरक्षा के लिए कितने पुलिसकर्मी तैनात थे। सरकार की ओर से बताया गया कि मौके पर 10 हथियारबंद पुलिसकर्मी मौजूद थे, जबकि आयोजकों ने 40 निजी सुरक्षा कर्मी भी लगाए थे। इस पर कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है कि केवल दो शूटर हजारों की भीड़ में गोलियां चलाकर फरार हो गए। अदालत ने कहा कि यह घटना पूरे राज्य की कानून व्यवस्था की पोल खोलती है। मामले की जांच से जुड़े एसपी इन्वेस्टिगेशन, मोहाली सौरव जिंदल भी अदालत में मौजूद रहे। हाईकोर्ट ने उनसे पूछा कि महज दो हमलावर हत्या कर आसानी से कैसे भाग निकले।

कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि क्या ऐसे बड़े आयोजनों में कोई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जैसे डीएसपी, मौके पर मौजूद होना चाहिए था और इतने बड़े स्तर के कार्यक्रमों के लिए सरकारी सुरक्षा प्रोटोकॉल क्या होना चाहिए। अदालत ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है और केवल हलफनामा दाखिल कर जिम्मेदारी से नहीं बचा जा सकता। कोर्ट ने यह भी पूछा कि अभी तक सभी शूटर गिरफ्तार क्यों नहीं किए जा सके हैं।

हाईकोर्ट की सहायता कर रहीं एडवोकेट तनु बेदी ने कहा कि जब तक गैंगस्टरों और पुलिस के कथित गठजोड़ को नहीं तोड़ा जाएगा, तब तक ऐसी घटनाओं पर रोक नहीं लग सकती। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि पंजाब में गैंगस्टर इतनी सक्रियता से क्यों काम कर रहे हैं, जबकि हरियाणा में इस तरह की घटनाएं अपेक्षाकृत कम देखने को मिलती हैं। कोर्ट ने याद दिलाया कि लगभग एक साल पहले सरकार को संगठित अपराध, फिरौती और टारगेट किलिंग पर नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद हजार लोगों की मौजूदगी में एक खेल आयोजन के दौरान हत्या हो जाना गंभीर प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है।

इन सभी पहलुओं को देखते हुए हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि अगली सुनवाई पर पंजाब के डीजीपी स्वयं अदालत में उपस्थित होकर यह स्पष्ट करें कि घटना के दिन सुरक्षा के क्या इंतजाम थे, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या ठोस रणनीति तैयार की गई है। साथ ही, बिना पर्याप्त सुरक्षा के आयोजित किए जा रहे खेल आयोजनों पर भी सरकार से जवाब मांगा गया है। मामले की अगली सुनवाई 15 जनवरी को होगी। हाईकोर्ट ने अंत में कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और सरकार को भी इसे अपनी पहली जिम्मेदारी मानना चाहिए।

## कांग्रेस इंचार्ज दीपइंदर सिंह ढिल्लों ने मानवता की मिसाल पेश की, ल्यूकेमिया पीड़ित को MPLAD से तीन लाख की मदद

डेराबस्सी, यूटर्न, 24 दिसंबर। डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के इंचार्ज दीपइंदर सिंह ढिल्लों ने मानवता की सेवा को प्राथमिकता देते हुए गंभीर बीमारी से जूझ रहे एक परिवार को बड़ी राहत प्रदान की है। डेराबस्सी के नजदीकी गांव फतेहपुर जट्टां निवासी अनिल सहोता, जो इस समय एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया कैंसर (फिलाडेल्फिया क्रोमोसोम पॉजिटिव) जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, को इलाज के लिए आर्थिक सहायता दिलवाई गई है। दीपइंदर सिंह ढिल्लों ने परिवार की आर्थिक स्थिति को समझते हुए सांसद निधि (एमपी फंड) से तीन लाख रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर करवाई। यह राशि पटियाला से सांसद डॉ. धर्मवीर गांधी द्वारा स्वीकृत की गई। इस सहायता से महंगे इलाज का सामना कर रहे परिवार को बड़ी राहत मिली है।



बुधवार को दीपइंदर सिंह ढिल्लों स्वयं गांव फतेहपुर जट्टां में अनिल सहोता के घर पहुंचे, जहां उन्होंने मरीज और उसके परिजनों का हालचाल जाना। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए इस कठिन समय में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और स्वीकृत राशि सौंपी।

इस अवसर पर दीपइंदर सिंह ढिल्लों ने कहा कि मानव जीवन की रक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है और ऐसे मामलों में राजनीति को कभी भी आड़े नहीं आने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कदम पार्टी राजनीति से ऊपर उठकर उठाया गया है, जो समाज के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश देता है।

इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के नेता अंकित जैन, पूर्व सरपंच परमजीत सिंह पम्मा सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## मेगा कैंपों व ऑनलाइन सेवाओं से जनता को बड़ी राहत, कारोबार हुआ आसानः मुंडियां

चंडीगढ़, यूटर्न, 24 दिसंबर। पंजाब के आवास निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि मेगा कैंपों और ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से आम लोगों, अलॉटीज, प्रमोटरों और डेवलपर्स को बड़ी राहत मिली है तथा कारोबार करना पहले से अधिक सुगम हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में लाई गई एमनेस्टी स्कीम का उद्देश्य योजनाबद्ध शहरी विकास को बनाए रखते हुए पुराने लंबित मामलों का समाधान करना और लोगों का विश्वास मजबूत करना है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने वालों को बड़ी राहत देते हुए पंजाब अपार्टमेंट एवं प्रॉपर्टी रेगुलेशन एक्ट में संशोधन किया गया है, जिससे वे बिना एनओसी अपने प्लॉट रजिस्टर करवा सकते हैं। वहीं, अवैध कॉलोनियां विकसित करने वाले प्रमोटरों के लिए सजा और जुमार्ने बढ़ाकर सख्ती की गई है। उन्होंने बताया कि निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए लाइसेंस और औद्योगिक पार्क प्रोजेक्टों के आंशिक समर्पण, अवधि विस्तार और एकमुश्त राहत के प्रावधान किए गए हैं। इमारती नियम 2025 को मंजूरी देकर उद्योग और रियल एस्टेट को बढ़ावा दिया गया है। मुंडियां ने कहा कि ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान मंजूरी, सिंगल विंडो पोर्टल, शक्तियों के विकेंद्रीकरण और मेगा कैंपों के जरिए लंबित मामलों का तेजी से निपटारा किया गया, जिससे पारदर्शिता बढ़ी और जनता को सीधा लाभ मिला।



## मेयर चुनाव से पहले चंडीगढ़ में AAP को बड़ा झटका, दो पार्षद भाजपा में शामिल; कांग्रेस ने संगठनात्मक विफलता को ठहराया जिम्मेदार

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 24 दिसंबर। नगर निगम चंडीगढ़ की राजनीति में मेयर चुनाव से ठीक पहले बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। आम आदमी पार्टी की दो महिला पार्षद—वार्ड नंबर 4 से सुमन शर्मा और वार्ड नंबर 16 से पूनम—ने पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। इस घटनाक्रम को अअढ के लिए दोहरा राजनीतिक झटका माना जा रहा है।

भाजपा कार्यालय कमलम में आयोजित ज्वाइनिंग कार्यक्रम के दौरान दोनों पार्षदों को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा, मेयर हरप्रीत कौर बबला और वरिष्ठ नेता संजय टंडन की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने इसे संगठन के प्रति बढ़ते जनविश्वास का संकेत बताया। भाजपा में शामिल होने के बाद सुमन शर्मा और पूनम ने आम आदमी पार्टी के मेयर कार्यकाल पर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि अअढ के नेतृत्व में नगर निगम में अपेक्षित विकास कार्य नहीं हो पाए, जिससे वे निराश थीं। दोनों पार्षदों ने कहा कि भाजपा की नीतियों और मौजूदा मेयर के एक वर्ष के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने यह निर्णय लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का असर स्थानीय राजनीति में भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की नीति, नीयत और नेतृत्व पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है, इसी कारण अन्य दलों के जनप्रतिनिधि भी भाजपा से जुड़ रहे हैं। मेयर हरप्रीत कौर बबला ने दोनों पार्षदों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि उनके शामिल होने से नगर निगम में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। वरिष्ठ नेता संजय टंडन ने भी इस घटनाक्रम को भाजपा के मजबूत होते संगठन और बढ़ते जनसमर्थन से जोड़कर देखा। इस बीच, चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब कोई संगठन अपने कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों पर ध्यान नहीं देता और सत्ता का लालच हावी हो जाता है, तो ऐसे परिणाम सामने आते हैं। लक्की ने दावा किया कि उन्होंने और चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी ने पहले ही अअढ नेतृत्व को आगाह किया था कि कई पार्षद पार्टी छोड़ने के मूड में हैं।




## चाकू की नोक पर लूट की वारदात, सेक्टर-43 के साइकिल ट्रैक से मोबाइल व नकदी छीनी

चंडीगढ़, यूटर्न, 24 दिसंबर। शहर में लूट की एक और सनसनीखेज वारदात सामने आई है। सेक्टर-43 के जंगल क्षेत्र के पास साइकिल ट्रैक पर चाकू की नोक पर एक व्यक्ति से मोबाइल फोन, वोटर कार्ड, आई-कार्ड और 850 रुपये नकद लूट लिए गए। इस मामले में सेक्टर-36 थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता बलवान सिंह नैन ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 19 दिसंबर 2025 को एक महिला और अमित कुमार उर्फ सनी ने उसे चाकू दिखाकर डराया और उसकी जेब से मोबाइल फोन, पहचान पत्र और नकदी छीन ली। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एफआईआर नंबर 264 दर्ज की है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धाराएं 309, 351(2), 3(5) और अतिरिक्त धारा 317(2) लगाई गई हैं ।जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी अमित कुमार उर्फ सनी, निवासी सेक्टर-52, चंडीगढ़ की पहचान कर ली है, जबकि महिला आरोपी भी सेक्टर-52 की रहने वाली बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं और मामले की जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों तक जल्द पहुंचा जा सके।

Happy Birthday



Aprajay Sekhri

Happy Birthday



Sandeep Bindra

Happy Birthday



JANVI SHARMA

# नाम जप से सिद्धि प्राप्त होती है , इससे संकट शीघ्र कट जाते हैं, सौभाग्य बनता है - संत अश्वनी बेदी जी





माँ रेखा बेदी जी



उमा मित्तल



शशि भल्ला



मीरा धवन



लता बतरा



आशु जैन



शुक्ला बाँटा

लुधियाना, यूटर्न, 24 दिसम्बर। श्री राम शरणम श्री राम पार्क में चल रहे 71 वे राम नाम अखण्ड जप महा यज्ञ में संत अश्वनी बेदी जी ने श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज की वाणी को विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि महाराज कहा करते राम नाम का जाप करना आध्यात्मिक तप है। जितना अधिक जप होगा, उतना ही अधिक आत्मा निर्मल होगा। जप बड़ी भावना के साथ करना चाहिये। इससे संस्कारों पर गहरा प्रभाव पड़ेगा।

साधक स्वयं अनुभव करेगा। जब स्वयं अजपा जाप चलेगा, वाणी से नहीं, जीभ से भी नहीं, स्वयं मानसिक जाप होता जायेगा, तब अविद्या की ग्रन्थी टूट जायेगी और दशम-द्वार से पार हो जायेगा। मानो साधक का परम-कल्याण हो जाता है। जप से सिद्धि प्राप्त होती है। स्त्री-पुरुषों में यह भावना प्रबल होनी चाहिये। इससे संकट शीघ्र कट जाते हैं, सौभाग्य बनता है। व्यक्तियों को कुछ न कुछ अवलम्बन होना चाहिये। अतः नाम-जप में अधिक समय व्यतीत करना चाहिये। व्यर्थ समय नहीं खोओ। राम-नाम के जप-कीर्तन करने में लज्जा नहीं आनी चाहिये। जब स्त्री-पुरुषों को सिनेमा जाने में या अन्य गन्दे व्यसनों के करने में लज्जा नहीं आती, तो राम-नाम की माला जपने में क्यों आवे?

भक्त राम-नाम की माला से तर जाता है। यह माला बड़ा ग्रन्थ है। यह सदा बना रहता है। यदि यह साथ में हो, तो अन्य मित्र या साथियों की आवश्यकता नहीं। यह लोक-परलोक का साथी है। हर्ष के साथ माला जपनी चाहिये। प्रभु के साथ जब प्रीति लगा ली, तो कोई कुछ भी कहे, संकोच नहीं करना चाहिये। घर के लोगों से भी निर्मम होना चाहिये। इससे अन्तःकरण शुद्ध होता है। जो संसार की चिन्ता नहीं करते व राम से ही लौ लगाते हैं, वे राम को प्राप्त होते हैं। जप की मयार्दा बनाने से बड़ा लाभ होता है, कि प्रतिदिन इतना जाप करेंगे। राम-धन का सदैव संचय होता है। कभी हानि तो होती ही नहीं और न खर्च होता है। राम-नाम की माला जपते रहें। राम-नाम के जपने वाले काल को भी हनन कर डालते हैं। यह भाव ऊंचा और श्रेष्ठ है।



राजिन्दर नारंग



राजेश जैन बॉबी



उत्सव प्रकाश



शत्रुघन नन्नदा



सुदर्शन जैन

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### भारत में इतनी महंगी शादियों का चलन सही है या गलत

भारत में विवाह को एक पवित्र संस्कार माना जाता है। यह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का मिलन होता है। समय के साथ-साथ शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया है। आजकल भारत में अत्यधिक महंगी शादियों का चलन तेजी से बढ़ रहा है। लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करके भव्य आयोजन किए जाते हैं। प्रश्न यह हैकि क्या यह चलन सही है या गलत ? महंगी शादियाँ समाज में दिखावे और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती हैं। लोग अपनी आर्थिक स्थिति से अधिक खर्च करने लगते हैं, जिससे उन पर कर्ज का बोझ बढ़ जाता है। कई बार गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार केवल समाज के डर से अनावश्यक खर्च करने को मजबूर हो जाते हैं। इससे मानसिक तनाव और आर्थिक परेशानी उत्पन्न होती है। दूसरी ओर, कुछ लोग मानते हैं कि शादी जीवन का एक बार आने वाला अवसर होता है, इसलिए इसे यादगार बनाना गलत नहीं है। महंगी शादियों से रोजगार भी पैदा होता है और बाजार को लाभ मिलता है। लेकिन यदि सोच-समझकर और अपनी क्षमता के अनुसारखर्च किया जाए, तो शादी सरल और सार्थक बन सकती है। इसलिए भारत में अत्यधिक महंगी शादियों का चलन पूरी तरह सही नहीं कहा जा सकता। सादगी अपनाकर हम विवाह के असली उद्देश्य को समझ सकते हैं।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Recovery Statement क्या होता है और इसका कानूनी महत्व क्या है?**

अक्सर पुलिस कहती है— आरोपी के बयान पर बरामदगी हुई है। इसे आम भाषा में Recovery Statement कहा जाता है। लेकिन क्या ऐसा बयान पूरा-का-पूरा अदालत में मान्य होता है? जवाब है—नहीं।

Recovery Statement का मतलब जब आरोपी पुलिस हिरासत में यह बताता है कि किसी अपराध से जुड़ी वस्तु कहाँ छिपाई गई है—जैसे हथियार, कपड़े, मोबाइल या अन्य सामग्री—और उस जानकारी के आधार पर पुलिस वह वस्तु बरामद करती है, तो इसे Recovery कहा जाता है।

क्या यह Confession है?

नहीं। Recovery Statement को Confession नहीं माना जाता। इठरर के तहत आरोपी द्वारा पुलिस के सामने किया गया स्वीकारोक्ति-आधारित बयान सामान्यतः मान्य नहीं होता, लेकिन जिस हिस्से से वास्तविक बरामदगी होती है, वह सीमित रूप से स्वीकार किया जा सकता है।

अदालत क्या देखती है?

अदालत Recovery को स्वीकार करते समय यह परखती है कि— क्या बरामद वस्तु सच में आरोपी की जानकारी से मिली,

क्या वह वस्तु पहले पुलिस के ज्ञान में नहीं थी,

क्या बरामदगी प्रक्रिया कानूनी और निष्पक्ष थी,

क्या बरामद वस्तु का अपराध से सीधा संबंध है।

Recovery अपने-आप में सजा का आधार नहीं केवल Recovery से किसी को दोषी ठहराया नहीं जाता। Recovery तभी प्रभावी होती है जब वह अन्य साक्ष्यों—जैसे forensic report, medical evidence, CCTV या गवाहों—से मेल खाती हो। गलतफहमी से बचें हर बरामदगी मजबूत सबूत नहीं होती। अगर Recovery की प्रक्रिया संदिग्ध हो या दबाव में ली गई हो, तो अदालत उसे नजरअंदाज भी कर सकती है।

निष्कर्ष : Recovery Statement आरोपी के खिलाफ एक सहायक साक्ष्य (Supporting Evidence) है, न कि पूरा मामला। BNSS का संतुलन साफ है— जो सच में बरामद हुआ, वही महत्व रखता है, न कि आरोपी ने क्या कहा।

# श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन चैत्यालय जीरकपुर में हर्ष और उल्लास के साथ स्थापना कार्यक्रम हुआ संपन्न





जीरकपुर, यूटर्न, 24 दिसंबर। श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन चैत्यालय जीरकपुर में हर्ष और उल्लास के साथ स्थापना कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्थापना कार्यक्रम के लाभार्थी हंस कुमार जैन परिवार रहे चैत्यालय में श्री 1008 पारसनाथ भगवान एवं श्री 1008 शांतिनाथ भगवान को विधिवत बेदी में याग मंडल विधान के उपरांत विराजमान किया गयो इस अवसर पर श्रद्धालुओं का मंदिर जी में ताता लगा रहो इस कार्यक्रम की शुरूआत झंडा पूजन एवं झंडा रोहण से श्रीमान राकेश जैन प्रतिभा जैन परिवार द्वारा किया गयो महिलाओं द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ घट यात्रा निकाली गई तत्पश्चात बेदी शुद्धि सब इंद्र इन्द्राणी द्वारा की गई सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य श्रीमान अरुण कुमार जैन, हिमांशु जैन परिवार को मिलो शेष इंद्र-इन्द्राणी मिनी जैन, अंजय जैन एवं राजकुमार जैन रहे शेखर जैन ने बतलाया कि संपूर्ण कार्यक्रम पंडित संदीप जी पंचकूला एवं पंडित मनीष जी जीरकपुर द्वारा विधिवत कराया गया। श्री 1008 पारसनाथ भगवान एवं श्री 1008 शान्तिनाथ भगवान का नवन एवं शांतिधारा की गई। मुख्य शांतिधारा के पुण्यार्जक श्रीमान अरुण कुमार जैन परिवार, श्रीमान नीरज जैन परिवार रहे। इस ऐतिहासिक पल पर मंच संचालन श्री अमोल जैन एडवोकेट ने किया एवं उन्होंने बताया की मंदिर जी मे समय समय पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कराया जाता है। आगामी कार्यक्रम 17.01.2026 को आदिनाथ जयंती पर होगा। इस मौके पर दिगंबर जैन मंदिर, सेक्टर 27, चंडीगढ़ की कार्यकारणी, अम्बाला छावनी जैन सभा, सहारनपुर जैन सभा के माननीय सदस्य आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज सेवी एवं डॉक्टर जितेंदर शर्मा, जीरकपुर भी मंदिर जी में दर्शनार्थ हेतु आऐ स्थापना दिवस का समापन हवन के साथ हुआ। कार्यक्रम के उपरांत सकल समाज के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी।

# गुरुद्वारा श्री गुरु अंगद देव जी में साहिबजादों व गुरु साहिबान की शहादत को समर्पित लड़ीवार कथा का आयोजन



डेराबस्सी, यूटर्न, 24 दिसंबर। गुरुद्वारा श्री गुरु अंगद देव जी एवं श्री गुरु हरकृष्ण साहिब जत्थे की ओर से धन-धन साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों एवं माता गुजरी जी की अमर शहादत तथा धन-धन साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को समर्पित लड़ीवार कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्ण श्रद्धा और भावनाओं के साथ करवाया जा रहा है। गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार भाई अमरपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह लड़ीवार कथा 21 दिसंबर से 30 दिसंबर तक गुरुद्वारा श्री गुरु अंगद देव जी में प्रतिदिन शाम 7:15 बजे से 8:15 बजे तक होगी। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब के सेवादार ज्ञानी मनप्रीत सिंह जी कणकवाल द्वारा कथा विचार के माध्यम से गुरु साहिबान की शहादतों, उनके जीवन सिद्धांतों और मानवता के लिए दिए गए बलिदानों पर संगत को अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन समागमों का उद्देश्य संगतों में गुरु साहिबान की बाणी, इतिहास और कुर्बानियों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। इसके अलावा 31 दिसंबर को नए वर्ष को समर्पित महान कीर्तन दरबार का आयोजन शाम 7 बजे से रात 12 बजे तक किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध रागी जत्थे गुरबाणी कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल करेंगे। इन सभी धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान गुरु का अटूट लंगर निरंतर वितरित किया जाएगा। समापन अवसर पर 31 दिसंबर को दूध और पकौड़ों का विशेष लंगर भी लगाया जाएगा।

# ठगी के शिकार हुए पूर्व आईजी की हालत स्थिर, वेंटिलेटर पर चाहल, कई रिटायर्ड अधिकारी गंवा चुके हैं पैसा, वाट्सएप ग्रुप की जांच

पंजाब/यूटर्न/24 दिसंबर। पूर्व आईजी अमर सिंह चहल ठगों की साजिश का शिकार हुए हैं। उन्हें ज्यादा पैसा कमाने की लालच देकर दिया और वे ठगों की बातों में आ गए। वह एक ऐसे वॉट्सऐप ग्रुप में जुड़े थे, जिस पर इस तरह से पैसे कमाने के तरीके बताए जाते थे। इस ग्रुप में पटियाला शहर के कई नामी रिटायर्ड अधिकारी भी शामिल हैं। जिनकी लिस्ट पुलिस ने तैयार की है। अब उनसे बारी बारी किसी न किसी ढंग से पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि और कितने लोग उनकी ठगी का शिकार हुए हैं। कोई भी लिखित शिकायत देने को तैयार नहीं है मगर जुबानी इस संबंधी जानकारियां जरूर दे रहे हैं। ठगों ने अमर सिंह चाहल को भी इसी तरह के एक ग्रुप में शामिल करवाया था, जिसका नाम एफ 777 वैल्थ एक्यूटी रिसर्च ग्रुप रखा हुआ था। पुलिस ने साइबर क्राइम सेल में अमर सिंह चाहल की पत्नी के बयानों पर आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।



### ऐसे चंगुल में फंसे पूर्व IG चाहल

पूर्व आईजी को पहले अफसरों के एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया। बाद में उन्हें एक अलग ग्रुप में शामिल कराया गया, जहां शेयर बाजार, आईपीओ और अन्य निवेश योजनाओं में ज्यादा रिटर्न का भरोसा दिलाया गया। शुरूआत में कुछ रकम पर रिटर्न दिखाकर विश्वास जीत लिया गया, फिर बड़ी रकम निवेश कराई गई। ठगी के इस मामले में पटियाला पुलिस की साइबर सेल भी जांच में जुट गई है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि रजत वर्मा को किस अधिकारी ने रिटायर्ड पुलिस अफसरों के वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा।

# डॉ. रमणदीप कौर आईएपीएचडी चंडीगढ़ चैप्टर की उपाध्यक्ष नियुक्त

डेराबस्सी, यूटर्न, 24 दिसंबर। श्री सुखमनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल की प्रिंसिपल डॉ. रमणदीप कौर को इंडियन एसोसिएशन ऑफ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री (आईएपीएचडी) के चंडीगढ़ चैप्टर का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस संबंध में घोषणा मंगलवार को चंडीगढ़ में आयोजित आईएपीएचडी चंडीगढ़ चैप्टर की बैठक के दौरान की गई। डॉ. रमणदीप कौर की यह नियुक्ति सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा, अकादमिक नेतृत्व और पेशेवर उत्कृष्टता के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए की गई है। श्री सुखमनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन कंवलजीत सिंह ने डॉ. रमणदीप कौर को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि आईएपीएचडी चंडीगढ़ चैप्टर के उपाध्यक्ष पद पर उनकी नियुक्ति पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा के प्रति उनका समर्पण, अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और दूरदर्शी नेतृत्व ने छात्रों व पेशेवरों को निरंतर प्रेरित किया है।



वहीं, ग्रुप के डायरेक्टर दमनजीत सिंह और मुख्य प्रशासक प्रो. रशपाल सिंह ने भी डॉ. रमणदीप कौर को शुभकामनाएं देते हुए इस नई और प्रतिष्ठित जिम्मेदारी में उनके सफल कार्यकाल की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा से जुड़ी पहलें और अधिक सशक्त होंगी।

प्रबंधन ने उम्मीद व्यक्त की कि डॉ. रमणदीप कौर दंत शिक्षा, सामुदायिक सेवा और सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलों को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## अमृतसर में 328 पावन स्वरूप-गायब मामले पर सिख-संगठनों का प्रदर्शन, डीसीपी को मांग पत्र सौंपा



अमृतसर/यूटर्न/24 दिसंबर। अमृतसर में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 328 पावन स्वरूपों के गायब होने के गंभीर मामले को लेकर आज सिख संगठनों का गुस्सा एक बार फिर सामने आया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार समिति और विभिन्न सिख जत्थेबंदियों ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय के बाहर एकजुट होकर जोरदार रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस कमिश्नर के नाम डीसीपी रविंदर पाल सिंह को एक मांग पत्र सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान सिख नेताओं ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि वर्ष 2020 में श्री अकाल तख्त साहिब के आदेश पर डॉ. ईश्वर सिंह की देखरेख में इस मामले की जांच करवाई गई थी। जांच रिपोर्ट में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 328 पावन स्वरूपों के लापता होने की पुष्टि की गई थी, लेकिन इसके बावजूद आज तक किसी भी दोषी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

**मोर्चे पर लाठीचार्ज...** नेताओं ने बताया कि इस मामले को लेकर भाई रणजीत सिंह दमदमी टकसाल, भाई तरलोचन सिंह सोहल, भाई सरूप सिंह और भाई निशान सिंह सियालका सहित कई सिख नेताओं ने तेजा सिंह समुद्री हॉल के सामने लंबे समय तक शांतिपूर्ण मोर्चा लगाया था।

## पंजाब का युवक बॉर्डर क्रॉस कर पाकिस्तान पहुंचा, पाकिस्तानी रेंजर्स ने पकड़ा, हथकड़ी लगी फोटो जारी की



जालंधर/यूटर्न/24 दिसंबर। जालंधर का रहने वाला युवक अचानक पाकिस्तान पहुंच गया। इसका खुलासा तब हुआ, जब पाकिस्तानी रेंजर्स ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद पाक रेंजर्स के साथ उसकी हथकड़ी लगी फोटो जारी कर दी। युवक पिछले कई दिन से घर से गायब था। जिसके बाद पिता ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि उसका कोई पता नहीं चल रहा था। पाकिस्तान में युवक से पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक युवक कुछ दिन पहले ही कपूरथला जेल से जमानत पर बाहर आया था। उस पर झगड़े के केस में FIR दर्ज हुई थी। पिता ने केंद्र सरकार से बेटे को वापस लाने की मांग की है।

पाकिस्तानी पुलिस सीमा पार करने पर कर रही पूछताछ...फिलहाल पाकिस्तानी सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस इस बात की जांच कर रही हैं कि युवक ने सीमा क्यों पार की। क्या यह अनजाने में हुए का मामला है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। पाकिस्तानी पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। पाकिस्तानी पुलिस का कहना है कि युवक से जासूसी और तस्करी दोनों एंगल पर पूछताछ चल रही है।




# रोटरी भवन में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ प्रिवेनार-20 टीकाकरण शिविर



लुधियाना, यूटर्न, 24 दिसंबर। रोटरी क्लब ऑफ लुधियाना द्वारा बुधवार, 24 दिसंबर 2025 को रोटरी भवन में प्रातः 11:00 बजे से 12:30 बजे तक प्रिवेनार-20 टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में क्लब की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। शिविर का संचालन डॉ. विकास सिकरी, वरिष्ठ सलाहकार, पल्मोनोलॉजी एवं क्रिटिकल केयर विभाग, मोहन दई ओसवाल अस्पताल, लुधियाना तथा उनकी अनुभवी मेडिकल टीम के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में रोटरी क्लब के कई रोटेरियन्स एवं आरह्लएन्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और टीकाकरण का लाभ उठाया। टीकाकरण का लाभ प्राप्त करने वालों में रोटेरियन ब्रिगेडियर मस्तिंदर सिंह एस.एम., रोटेरियन जोगिंदर कौर, रोटेरियन परमिंदर ग्रेवाल, रोटेरियन डॉ. यशपाल सचदेवा, पीपी रोटेरियन डॉ. आर. एल. नरंग, आरह्लएन परवीन नरंग, रोटेरियन जे. एस. वाधवा, इंजीनियर जगमोहन सिंह, आरह्लएन सुरजीत कौर, पीपी इंजीनियर बलबीर सिंह सहित कुल 19 सदस्य शामिल रहे।

शिविर के दौरान सभी उपस्थित सदस्यों के लिए कॉफी, सैंडविच, बिस्कुट एवं मठरी की व्यवस्था की गई। ठंड के बावजूद मौसम सुहावना रहा और रोटरी भवन के लॉन में आयोजित शिविर में सभी ने धूप का आनंद लिया। यह शिविर स्वास्थ्य जागरूकता और रोग-निवारण की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ।

# क्रिसमस पर मोहाली स्थित एच.एल.पी गलेरिया मॉल में सैंटा परेड ने बांधा समां



मोहाली, यूटर्न, 24 दिसंबर। क्रिसमस के उल्लासपूर्ण अवसर पर मोहाली के फेज-8 स्थित एच.एल.पी गलेरिया मॉल में बुधवार शाम भव्य सैंटा परेड का आयोजन किया गया, जिसने पूरे मॉल परिसर को क्रिसमस के रंगों से सराबोर कर दिया। इस खास आयोजन में विंटेज कार, इंटरनेशनल आर्टिस्ट, रशियन कलाकार और नन्हे-नन्हे सैंटा विशेष आकर्षण का केंद्र रहे सैंटा परेड में बच्चों, महिलाओं और परिवारों की बड़ी संख्या में भागीदारी देखने को मिली। रंग-बिरंगी वेशभूषा, क्रिसमस कैप्स और उत्सवपूर्ण संगीत के बीच परेड मॉल के विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरी, जिसे दर्शकों ने तालियों और उत्साह के साथ सराहा। मॉल परिसर में हर ओर खुशी, संगीत और उत्सव का माहौल नजर आया।आयोजकों के अनुसार, सैंटा के साथ क्रिसमस से जुड़े कई आकर्षक कैरेक्टर्स भी परेड में शामिल रहे, जिन्होंने खास तौर पर बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया। बच्चों के लिए विशेष मनोरंजन गतिविधियां, फोटो सेशन और सरप्राइज गिफ्ट्स की व्यवस्था की गई, जिससे नन्हे मेहमानों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मॉल प्रबंधन ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य परिवारों, विशेषकर बच्चों और महिलाओं को सुरक्षित, खुशहाल और यादगार क्रिसमस अनुभव प्रदान करना था। शहरवासियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए आयोजन को बेहद सफल बताया उत्साह, संगीत और खुशियों से भरपूर यह सैंटा परेड मोहाली में इस वर्ष के क्रिसमस समारोह का एक प्रमुख आकर्षण बनकर सामने आई।

# पंचकूला में वीर बाल दिवस का ऐतिहासिक आयोजन: अमित शाह ने दिलाया साहिबजादों के साहस का संकल्प






चंडीगढ़, यूटर्न, 24 दिसंबर। वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम ने इतिहास, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की भावना को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के बलिदान को सम्पूर्ण मानवता के लिए साहस, आस्था और आत्मसम्मान की अमर मिसाल बताते हुए कहा कि उनका जीवन यह सिखाता है कि अत्याचार के सामने झुकना कभी विकल्प नहीं होता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 से 27 दिसंबर का सप्ताह भारतीय इतिहास का सबसे शोकपूर्ण, लेकिन सबसे गौरवपूर्ण कालखंड है, जब गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार ने धर्म और न्याय की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। छोटे साहिबजादों की अदम्य आस्था, बड़े साहिबजादों का शौर्य और माता गुजरी जी का त्याग भारत की आत्मिक शक्ति के प्रतीक हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए वीर बाल दिवस को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्थायी स्रोत बताया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा, एकता और अखंडता के सशक्त प्रहरी के रूप में उन्होंने देश को नई दृढ़ता प्रदान की है। आतंकवाद के विरुद्ध कठोर निर्णयों से लेकर राष्ट्रीय एकता को चुनौती देने वाली शक्तियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई तक, उनके नेतृत्व ने भारत को अधिक सुरक्षित और मजबूत बनाया है। इस अवसर पर श्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण, हरियाणा विजन डॉक्यूमेंटझ्र 2047 का लोकार्पण, रक्तदान शिविर का शुभारंभ तथा 1984 के दंगा पीड़ित परिवारों को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया।

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हरियाणा को दी कई सौगातें

चंडीगढ़, 24 दिसंबर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज पंचकूला आगमन के दौरान हरियाणा को एक साथ कई महत्वपूर्ण सौगातें प्रदान कीं। सहकारी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए श्री शाह ने जिला भिवानी के सलेमपुर दूध शीतकरण केंद्र, जिला रेवाड़ी के जाटूसाना स्थित हैफेड आटा मिल तथा सहकारिता मंत्रालय द्वारा विकसित आईवाईसी पोर्टल का रिमोट से ई-लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने हरियाणा राज्य सहकारी बैंकों के पांच लाभार्थियों को रुपे-प्लैटिनम डेबिट कार्ड वितरित किए और कृभको द्वारा बनाए गए दो एम-पैक्स के अध्यक्षों को पंजीकरण प्रमाण-पत्र सौंपे। साथ ही कृभको की आईवाईसी समारोहों पर आधारित वर्ष पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व कृभको की कॉर्पोरेट फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और सहकारिता क्षेत्र से जुड़े गणमान्य उपस्थित रहे।

# मिस्ट हॉस्पिटल द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन, 32 यूनिट रक्त एकत्रित





जीरकपुर, यूटर्न, 24 दिसंबर। मिस्ट हॉस्पिटल, बलटाना द्वारा साहिबजादों की शहीदी को समर्पित एक विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर विश्वास फाउंडेशन के सहयोग से मिस्ट हॉस्पिटल परिसर, फर्नीचर मार्केट, शिव मंदिर के पास, बलटाना (पंजाब) में आयोजित हुआ। शिविर का समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक रहा। इस रक्तदान शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों से लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 32 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवन रक्षक सिद्ध होगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं आपात स्थितियों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा। मिस्ट हॉस्पिटल के संचालक सतनाम सिंह एवं सुखदेव सिंह ने सभी रक्तदाताओं, आयोजकों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मिस्ट हॉस्पिटल भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जनहितकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

इस सफल आयोजन के लिए विश्वास फाउंडेशन तथा प्रेस क्लब जीरकपुर का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से यह रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# होशियारपुर ने सेक्स रेशियो में रचा कीर्तिमान, स्वास्थ्य बैठक में हुई सराहना



होशियारपुर/दलजीत अज्नोहा, यूटर्न, 24 दिसंबर। जिला स्वास्थ्य सोसायटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आज मिनी सचिवालय स्थित अशोक चक्र मीटिंग हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (सामान्य) अमरबीर कौर भुल्लर ने की, जबकि सिविल सर्जन डॉ. बलवीर कुमार ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, लक्ष्यों और उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा इनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए। सिविल सर्जन ने बताया कि जिला होशियारपुर ने 970 के उत्कृष्ट सेक्स रेशियो के साथ पंजाब में पहला स्थान प्राप्त किया है, जिसके लिए स्वास्थ्य मंत्री द्वारा जिले को सम्मानित किया गया।

एडीसी ने इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य विभाग की सराहना की। बैठक में 100 प्रतिशत टीकाकरण, रिकॉर्ड ऑनलाइन अपलोड, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की निगरानी, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना तथा टीबी, कुष्ठ, तंबाकू और हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन पर विशेष जोर दिया गया।

# गुरु साहिब के साहिबजादों की शहादत से हमें सेवा और त्याग की प्रेरणा मिलती है - विधायक बग्गा व पार्षद बूटा



लुधियाना/यूटर्न/24 दिसंबर। साहिब-ए-कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों, माता गुजरी जी एवं समूह शहीदों की पावन स्मृति में मन्ना सिंह नगर स्थित साहिबजादा बाबा फतेह सिंह जी पार्क में विशाल लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए चाय, बिस्कुट और चावलों का लंगर लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से आम आदमी पार्टी के विधायक हल्का नॉर्थ चौधरी मदन लाल बग्गा, वार्ड नंबर 88 के पार्षद नीरज आहूजा बूटा तथा गुरप्रीत बिल्ला ने लंगर सेवा कर संगत का आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत हमें सत्य, धर्म और इंसानियत के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव मार्गदर्शक रहेगा और हमें समाज सेवा के कार्यों में आगे बढ़ने की सीख देता है। वहीं पार्षद नीरज आहूजा बूटा ने कहा कि गुरु साहिब के परिवार का बलिदान इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। इस तरह के आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी महान विरासत और शहीदों के आदर्शों से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि सेवा और समर्पण ही सिख धर्म की असली पहचान है।

# बीसीएम आर्य स्कूल शास्त्री नगर में क्रिसमस से पूर्व सिंगिंग वर्कशॉप का आयोजन



लुधियाना,यूटर्न, 24 दिसंबर। बीसीएम आर्य स्कूल, शास्त्री नगर में आज क्रिसमस से पहले एक विशेष सिंगिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें मिडिल क्लास स्टैंडर्ड के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी गायन प्रतिभा की प्रैक्टिस की। स्कूल की शिक्षिकाएं हरजिंदर मैडम एवं पंकज जी ने बताया कि स्कूल में नए बच्चों को संगीत सीखने का पूरा अवसर दिया जाता है। यहां बच्चों की प्रतिभा और टैलेंट को निखारने पर विशेष ध्यान दिया जाता है तथा किसी भी स्ट्रीम का बच्चा इस गतिविधि में भाग ले सकता है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल आए विद्यार्थियों के अभिभावक श्री हनीत तनेजा ने अपनी मधुर गायन प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी सिंगिंग को उपस्थित बच्चों, अभिभावकों और स्टाफ ने खूब सराहा। वर्कशॉप के अंत में सिंगिंग और कोरल प्रस्तुति के माध्यम से प्रभु ईसा मसीह के क्रिसमस पर्व तथा आने वाले नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में संगीत के प्रति रुचि बढ़ाना और

# स्प्रिंग डेल में मची क्रिसमस कार्निवल की धूम

लुधियाना/यूटर्न/24 दिसंबर। स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में क्रिसमस कार्निवल का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया।



इस बीच, किंडरगार्टन के सभी बच्चे सांता क्लॉज, परियों और हिरणों की पोशाक पहने हुए थे। इस बीच फन गेम्स, डांस-पार्टी और जिंगल बेल्स डांस जैसी विभिन्न गतिविधियां मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहीं। कार्निवल में सेल्फी कॉर्नर में सभी ने खूबसूरत तस्वीरें लीं। छोटे-छोटे बच्चों ने बढ़- चढ़कर क्रिसमस कार्निवल में हिस्सा लिया और इस कार्निवल में चार चांद लगा दिए।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372